Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -                    Class - VI
Subject - Hindi Language          Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक- आमोद भाग-6
पर्यायवाची शब्द –

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य-पुस्तक आमोद भाग-6 में से 'पर्यायवाची शब्द' पढ़ेंगे। यह पाठ आपको 29.9.21 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम 'पर्यायवाची शब्द' पढ़ेंगे जो कि आपने अपनी पिछली कक्षाओं में भी पढ़े हैं। आज मैं आपको फिर से 'पर्यायवाची शब्दों' के बारे में समझाने जा रही हूँ। इसलिए सभी बच्चे अपनी व्याकरण की पुस्तक आमोद भाग-6 की पृष्ठ-संख्या 99 निकाल लें और पढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। बच्चो ! मैं पाठ के बीच-बीच में आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'पर्यायवाची शब्द' समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक समझेंगे एवं लिखेंगे।

बच्चो ! 'पर्यायवाची' शब्द दो शब्दों के मेल से बना है 'पर्याय' तथा 'वाची'। 'पर्याय' शब्द का अर्थ है समान तथा 'वाची' शब्द का अर्थ है बोले जाने वाले अर्थात् समान रूप से बोले जाने वाले शब्द 'पर्यायवाची' कहलाते हैं।

इस प्रकार :-

पर्यायवाची शब्दों के अर्थ आपस में मिलते-जुलते हैं, किंतु ये एक समान नहीं होते।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -                    Class - VI
Subject - Hindi Language          page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

इनके अर्थों मे बहुत सूक्ष्म अंतर होता है । जैसे- पानी के लिए 'जल, नीर, अंबुज' आदि शब्दो का प्रयोग किया जाता है, परन्तु गंगा के पानी के लिए 'जल' शब्द का प्रयोग होता है, वहीं गंदे नाले के पानी के लिए 'जल' शब्द का प्रयोग नहीं किया जा सकता । इस प्रकार बच्चो !

- किसी वस्तु के गुण, रूप, अवस्था आदि को देखकर उसके पर्यायवाची शब्दों का जन्म होता है ।
- पर्यायवाची शब्द अधिकांशत: 'रूढ़ शब्द' होते हैं ।

बच्चो ! मैंने आपको 'पर्यायवाची' शब्दों के बारे में समझा दिया है । अब मैं आपको उसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी । अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न -1. 'पर्याय' शब्द का क्या अर्थ है ?
प्रश्न -2. 'पर्यायवाची' शब्द का क्या अर्थ है ?
प्रश्न -3. 'पानी' शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है । अब मैं आपको पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी ।

उत्तर - 1. 'पर्याय' का अर्थ होता है 'समान' ।
उत्तर - 2. किसी वस्तु के गुण, रूप, अवस्था आदि को देखकर उसके पर्यायवाची शब्दो का जन्म होता है ।
उत्तर - 3. जल, नीर, अंबुज

बच्चो ! अब मैं आपको आपकी पुस्तक आमोद भाग - 6 के पृष्ठ 98, 99 पर आए 'पर्यायवाची शब्द' कराऊँगी । जिन्हें सभी बच्चे मेरे साथ - साथ अपनी-

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date-    Class- VI

Subject- Hindi Language    Page- 3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

अपनी पुस्तक में से देखकर लिखेंगे।

| | शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|---|
| 1. | दिन | दिवा, दिवस, अहन, वासर |
| 2. | तालाब | जलाशय, सरोवर, तड़ाग, पुष्कर |
| 3. | दास | नौकर, सेवक, परिचारक, अनुचर |
| 4. | द्रौपदी | पांचाली, कृष्णा, द्रुपदसुता |
| 5. | दैत्य | असुर, सुरारि, दनुज, रजनीचर |
| 6. | दुर्गा | सिंहवाहिनी, कालिका, भवानी, चंडिका |
| 7. | धन | दौलत, संपत्ति, संपदा, वित्त |
| 8. | धरती | धरा, धरती, वसुधा, ज़मीन |
| 9. | धनुष | चाप, शरासन, कमान, धनु |
| 10. | नदी | सरिता, तटिनी, सरि, सलिला |
| 11. | नया | नूतन, नव, नवीन, नव्य |
| 12. | नाव | नौका, तरणी, तरी |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -　　　　　　Class - VI

Subject - Hindi Language　　　　Page - 4

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 13. | पत्थर | पाहन, प्रस्तर, अश्म, पाषाण |
| 14. | पक्षी | अंडज, खग, द्विज |
| 15. | पत्नी | गृहिणी, दारा, सहचरी, भार्या |
| 16. | पर्वत | पहाड़, अचल, शैल, नग |
| 17. | पार्वती | भवानी, अंबिका, गौरी, उमा |
| 18. | प्रभात | सुबह, सवेरा, प्रात:काल |
| 19. | प्रार्थना | विनय, विनती, अर्चना, स्तुति |
| 20. | पैर | चरण, पाँव, पद, पग |

गृह कार्य :-

- बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी 20 पर्यायवाची शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर लिखें।
- आप इन पर्यायवाची शब्दों को याद भी करें।

धन्यवाद !

Last page

Scanned with CamScanner